# कार्यालय प्राचार्य, शहीद नंदकुमार पटेल शासकीय महाविद्यालय, बीरगाँव, जिला – रायपुर (छ.ग.)

Email:- govt.college.birgaon@gmail.com, Website-https://snkp.ac.in Contact No.-0771-2999011


बीरगाव, दिनांक–30/07/2025

## प्रतिवेदन

आज दिनांक 30.07.2025 को शहीद नंदकुमार पटेल शासकीय महाविद्यालय, बीरगांव जिला रायपुर (छ.ग.) में कारगिल विजय दिवस (26 जुलाई) राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में आयोजित किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. ज्ञानेन्द्र शुक्ला, ने की एवं मुख्य वक्ता मेजर डॉ. विजय चौबे, एसोसिएट एन.सी.सी ऑफीसर रहे ।

डॉ. विजय चौबे, का स्वागत एन.एस.एस. बैंच एवं पुष्प गुच्छ से कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। डॉ. ज्ञानेन्द्र शुक्ला द्वारा स्वागत भाषण एवं मुख्य वक्ता का परिचय दिया गया। डॉ. चौबे न अपने प्रेरणा दायक भाषण में कहा कि कारगिल युद्ध एक सैनिक विजय नहीं थी वह सम्पूर्ण राष्ट्र के आत्मा की विजय थी हमारे जवानों ने कठिनतम परिस्थितियों में भी अपने साहस, पराक्रम और अनुशासन से दुश्मनों को परास्त किया। हमें न केवल उनके बलिदान को याद करना है, बल्कि उनके आदर्शो को भी अपने जीवन में आत्मसात करना है। आज का युवा यदि उन आदर्शो को अपने जीवन में उतार ले, तो राष्ट्र निर्माण की दिशा में यह सबसे बड़ा योगदान होगा। उन्होंने कारगिल के शहीदों को नमन करते हुए विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे न केवल देश की रक्षा के लिए सदैव मानसिक रूप से तैयार रहें, बल्कि अपने जीवन में ईमानदारी, कर्मनिष्ठा और आत्मानुशासन को अपनाकर भी राष्ट्र सेवा करें। उनका वक्तव्य सभागार में उपस्थित सभी लोगों के लिए अत्यंत उत्साहवर्धक और प्रेरणास्पद रहा। उन्होंने शिक्षा के साथ–साथ सामाजिक जागरूकता और दायित्वबोध को भी जरूरी बताया। साथ ही Associated NCC Officer होने के नाते उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित इच्छुक विद्यार्थियों को एन.सी.सी. में प्रवेश लेने की प्रक्रिया एवं इसके उद्देश्य और उससे होने वाले लाभ के बारे में भी अवगत कराया तथा उन्होंने हमारे देश को रक्षा के लिए प्रतिबद्ध सभी प्रकार की सेना (जल, थल, वायु सेना, पैरामिलिट्री फोर्स आदि) के बारे में भी जानकारी दी।

इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं – सत्येन्द्र कुमार, सौम्या तिवारी, दीपक पारधी, रिंकी रजक, सागर निर्मलकर ने गीत, कविताओं एव भाषण के साथ अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य द्वारा अतिथि को भेंट प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित थें।












कार्यक्रम का संचालन डॉ. कविता कोसरिया, सहायक प्राध्यापक, समाजशास्त्र कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया गया।

आभार प्रदर्शन एवं धन्यवाद ज्ञापन वारिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एच.एल.वर्मा सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) द्वारा किया गया।

Kavita

डॉ. कविता कोसरिया
(रा. से. यो. कार्यक्रम अधिकारी)

for प्राचार्य
शहीद नंदकुमार पटेल
शासकीय महाविद्यालय, बीरगांव
जिला–रायपुर,(छ.ग.)


ur, Chhattisgarh, India
49, Kailash Nagar, Birgoan, Raipur, Chhat
308214° Long 81.635015°
2025 02:34 PM GMT +05:30


ur, Chhattisgarh, India
49, Kailash Nagar, Birgoan, Raipur, Chhat
308137° Long 81.635006°
2025 02:08 PM GMT +05:30


ur, Chhattisgarh, India
6w2, Kailash Nagar, Birgoan, Raipur, Chhat
308123° Long 81.635081°
2025 02:09 PM GMT +05:30


(N.S.S.)
Raipur,Chhattisgarh,India
Dera Para, Birgaon, Raipur, Chhattisgarh
493221, India
Lat 21.306990, Long 81.634809
07/30/2025 02:41 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera



